# दीक्षांत समारोह के लिए
# स्वर्ण पदक निर्माण हेतु निविदा

वर्ष 2023 –2024

निविदा फार्म का मूल्य :- 1000 .00
वि.वि. रसीद क्रमांक (यदि हो तो) –
रसीद दिनांक (यदि हो तो) –



Scanned with OKEN Scanner

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत, पिनकोड 494001

## दीक्षांत समारोह हेतु स्वर्ण पदक निर्माण (प्रपत्र)

निविदा सूचना क्रमांक 541., दिनांक. –29/12/2023

| | |
|---|---|
| निविदा वेबसाईट से प्राप्त करने की तिथि | ....../....../20........(D/M/Y) से/विज्ञापन प्रकाशन उपरांत |
| निविदा विश्वविद्यालय में स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक/ पी. एण्ड टी. अधिकृत कोरियर से प्राप्ति का अंतिम दिनांक एवं समय | 22/01/2024 को सांय 5. 00 बजे तक |
| निविदा खोलने का दिनांक, समय एवं स्थान (सुविधानुसार परिवर्तनीय) | दिनांक 23.01.2024 को पूर्वान्ह 11.30 बजे से विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, सभागार में |

**टीप** :– यदि निविदा खोलने की तिथि/निविदा के संबंध में किसी प्रकार का संशोधन किया जावेगा तो इसकी सूचना वेबसाईट में उपलब्ध कराई जायेगी। अतः प्रेषक वेबसाईट का समय– समय पर सतत अवलोकन करते रहें।

**कुलसचिव**



Scanned with OKEN Scanner

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत, पिनकोड 494001

## दीक्षांत समारोह हेतु स्वर्ण पदक निर्माण (प्रपत्र)

**निविदा सूचना क्रमांक 541, दिनांक. –29.12.2023**

**(टेक्निकल बीड हेतु)**

प्रति,

कुलसचिव,
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला – बस्तर (छ.ग.)

विषय :– स्वर्ण पदक निर्माण हेतु निविदा प्रस्तुत करने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषय से संबंधित दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित स्वर्ण पदक निर्माण निविदा के संबंध में निम्नानुसार चाही गई जानकारी संबंधित दस्तावेज सहित संलग्न कर प्रस्तुत है:–

1. निविदाकर्ता फर्म का नाम एवं पूरा पता : ........................................................................
2. फर्म/संस्था के मालिक का नाम एवं पता (जो कि फर्म के प्रति पूर्णतः उत्तरदायी हो) ........................................................................
3. धरोहर राशि रू. 10,000 =00 (दस हजार) का बैंक ड्राफ्ट क्रमांक, बैंक का नाम, जारी दिनांक ........................................................................
4. प्रपत्र (फॉर्म) राशि रू. 1000 =00 (एक हजार) का बैंक ड्राफ्ट क्रमांक, बैंक का नाम, जारी दिनांक ........................................................................
5. पिछले 02 वित्तीय वर्ष का वार्षिक टर्न ओवर प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति (दोनो वर्ष का औसतन रू. 10 लाख हो)........................................(संलग्न– पृष्ठ क्रमांक ....................)
6. फर्म का GST रजिस्ट्रेशन नम्बर (प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) ........................................ (संलग्न– पृष्ठ क्रमांक ..................)
7. PAN नम्बर (प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें) ........................................ (संलग्न– पृष्ठ क्रमांक ..................)
8. फर्म यदि किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कालीसूची में नामजद है तो उस संस्था का नाम एवं पूर्ण पता का उल्लेख करें, (हॉ/नही) (यदि आदेश हो तो संलग्न करें) ........................................ ..............................(संलग्न– पृष्ठ क्रमांक ...........)

निविदाकर्ता का नाम ........................................

हस्ताक्षर ........................................

मोहर ........................................

स्थान एवं दिनांक ........................................

मोबाईल नम्बर ........................................



Scanned with OKEN Scanner

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत, पिनकोड 494001
Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001
Telephone 07782-229037, Fax 07782-229037 Website: www.smkvbastar.ac


## स्वर्ण पदक निर्माण निविदा

### //निविदा की नियम तथा शर्ते//

1- निविदा पूर्ण रूप से सीलबंद लिफाफे में विश्वविद्यालय में निर्धारित समय तक प्राप्त हो जाना चाहिए। निविदा रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/पी. एण्ड टी. अधिकृत कोरियर द्वारा ही स्वीकृत किया जायेगा। किसी भी कारण से विश्वविद्यालय में निविदा प्राप्ति में विलम्ब होने पर जवाबदारी विश्वविद्यालय की नहीं होगी। विलम्ब से प्राप्त निविदायें नहीं खोली जायेगी तथा आवश्यक प्रक्रिया उपरांत मूलतः निविदाकर्ता को वापस कर दिया जायेगा।

2- निविदाकर्ता द्वारा निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर मोहर लगाकर हस्ताक्षर करना होगा, जो कि निविदा में प्रेषित किया जाना होगा। फर्म का कोई भी नियम या शर्त विश्वविद्यालय को मान्य नहीं होगा।

3- निविदा के ***मुख्य लिफाफा के भीतर*** दो लिफाफें भरे जायें, ***प्रथम लिफाफे*** के उपर **टेक्निकल बीड** लिखा जाये, जिसमें प्रपत्र राशि, धरोहर राशि तथा निविदा प्रपत्र सहित चाही गई सभी दस्तावेज की हस्ताक्षरित एवं मोहर युक्त छायाप्रति संलग्न किया जावे, सर्वप्रथम इसी लिफाफे को खोला जावेगा। फर्म का मोहर एवं हस्ताक्षर की छायाप्रति मान्य नहीं होगा।

***द्वितीय लिफाफा*** के उपर **फाईनेंसियल बीड** लिखा गया हो, जिसमें केवल दर अनुसूची की पूर्ति कर भरा जाये। सामान्यताः टेक्निकल बीड में योग्य पाये गये फर्मो की फाईनेंसियल बीड के लिफाफे खोले जायेंगे। दर अनुसूची में पदक निर्माण, डाई निर्माण, समस्त कर, किराया – भाड़ा एवं अन्य समस्त व्यय की राशि सम्मिलित होगा। पृथक से अन्य किसी प्रकार का लागत/व्यय मान्य नहीं होगा।

4- वेबसाईट से निकाले गए निविदा के साथ प्रपत्र राशि रू. 1,000 =00 (एक हजार) एवं धरोहर राशि रू. 10,000 =00 (दस हजार) का भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत/अधिसूचित बैंक से निर्मित वैद्य तिथि का अलग–अलग डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र राशि एवं धरोहर राशि के अभाव में निविदा में विचार नहीं किया जायेगा। उक्त दोनों डिमांड ड्राफ्ट ''कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर'' के नाम से देय हो।

5- प्रपत्र राशि विश्वविद्यालय कोष में जमा किया जायेगा, जो कि वापसी योग्य नहीं है। सफल निविदाकार की धरोहर राशि को विश्वविद्यालय कोष में जमा किया जायेगा तथा सफल, निर्विवाद, संतोषजनक कार्य तथा अनुबंध अवधि समाप्ति के बाद धरोहर की मूल राशि वापस की जायेगी, जिसमे किसी प्रकार का ब्याजराशि देय नहीं होगा। असफल निविदाकारों की धरोहर राशियां वापस कर दी जायेगी।

6- विश्वविद्यालय के शर्तो – कंडिकाओं के अनुसार स्वीकृत फर्म को उनके स्वयं के व्यय में विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर रू. 100/– (एक सौ) मात्र के गैर न्यायिक स्टॉम्प पेपर में अनुबंध करना होगा।



Scanned with OKEN Scanner

अनुबंध तिथि से निविदा की वैद्यता 01 वर्ष के लिए होगी, जिसे आवश्यकता होने पर आपसी सहमति से पुनः 6 माह के लिए वृद्धि किया जा सकेगा। इसकी सूचना पत्र अनुबंध समाप्ति के 45 दिवस के भीतर जारी किया जावेगा।

7- पूर्व में विश्वविद्यालय में किसी अन्य प्रयोजन हेतु जमा राशि/देयक/किसी निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि, इस निविदा के प्रपत्र या धरोहर राशि में समायोजित नहीं किया जायेगा।

8- अस्वीकृत, विलम्ब से प्राप्त निविदाओं को निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद/माननीय कुलपति के अनुमति से वापस किया जा सकेगा। किंतु यह भी कि निविदा लिफाफों/दस्तावेजों को वापसी की बाध्यता नहीं होगी।

9- कार्यादेश के समय– सीमा के भीतर कार्यादेशित फर्म को विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक पहुंचाकर प्रदाय करना होगा। फर्म द्वारा गोल्ड मेडल का प्रारूप का सत्यापन सहायक कुलसचिव/प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)/संबंधित अधिकारी से करवाने के उपरांत ही गोल्ड मेडल का निर्माण किया जावेगा।

10- टेक्निकल बीड में उल्लेखित समस्त कंडिकाओं की पूर्ति करें, जिसमें जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन का वैद्य प्रमाण पत्र, पेन, वार्षिक टर्न ओवर इत्यादि की जानकारी सुस्पष्ट अक्षरों में भरा जाये। दस्तावेज किस सरल क्रमांक में है, इसका उल्लेख "संलग्न पृष्ठ क्रमांक" में किया जावे। संलग्न दस्तावेज में कागज का फ्लेग लगाकर पृष्ठ क्रमांक अंकित किया जावे।

11- विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि इस निविदा प्रक्रिया को कभी भी, किसी भी स्तर में, बिना कारण बताये या जारी किये निरस्त करे तथा इस संबंध में किसी फर्म को कोई क्षतिपूर्ति/अन्य राशि देय नहीं होगा। यदि निविदा खोले गये हैं तो केवल ब्याजरहित धरोहर राशि की वापसी होगी। विश्वविद्यालय कभी भी पुनः निविदा जारी करने हेतु स्वतंत्र होगा।

12- सोने एवं चांदी की शुद्धता फर्म को प्रमाणित करनी होगी। प्रारूप के अंतिम सत्यापन के बाद भी पदक मे त्रुटि होने की दशा में फर्म अविलम्ब तथा बिना अतिरिक्त शुल्क के पदक निर्माण कर प्रदाय करेगा।

13- विश्वविद्यालय को यह भी अधिकार होगा कि वह एक या एक से अधिक निविदा को स्वीकृत करे या किसी भी समय किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त कर देवे।

14- इस विषय पर किसी फर्म का एक ही निविदा प्राप्त होना चाहिए। किसी एक फर्म से एक से अधिक निविदा प्राप्त होने पर उसके सभी निविदाऐं अमान्य किये जायेंगे।

15- विश्वविद्यालय के निर्धारित प्रारूप के अनुसार ही फाईनेंसियल बीड में स्वच्छ एवं स्पष्ट अक्षरों में दरें भरी जावें। प्रस्तुत समस्त दस्तावेजों, छायाप्रतियों में फर्म संचालक के वैद्य हस्ताक्षर, दिनांक, मोहर अंकित होना चाहिए। मोहर एवं हस्ताक्षर की छायाप्रति मान्य नहीं होगा।

16- चूंकि दीक्षांत समारोह राज्यपाल महोदय के गरीमामयी उपस्थिति में आयोजित किया जाना है अतः यदि नियत तिथि तक केवल एक ही निविदा प्राप्त होती है अथवा न्यूनतम तीन निविदा योग्य नहीं पाये जाते तो भी ऐसी स्थिति में क्रय समिति उक्त निविदा पर विचार करके क्रय– कार्यादेश देने की अनुशंसा कर



Scanned with OKEN Scanner

सकेगी, ऐसा करना अथवा न करना केन्द्रीय क्रय समिति के स्वविवेक पर निर्भर होगा। जो कि सभी फर्मो/प्रतिभागियों को पूरी तरह से, बिना किसी आपत्ति के मान्य होगा।

**17-** निविदा खोलने का समय तथा दिनांक विश्वविद्यालय के सुविधानुसार परिवर्तनीय होगा।

**18-** उक्त बैठक में निविदाकार के अधिकृत प्रतिनिधि/संचालक (कोई एक) उपस्थित रह सकते हैं, किन्तु इस हेतु उपस्थित व्यक्ति को विश्वविद्यालय के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। उपस्थित फर्म प्रतिनिधि/संचालक के द्वारा प्राधिकार पत्र के साथ ही आधार कार्ड/पेन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। क्रय समिति से दुर्व्यवहार करने की स्थिति में उपस्थित प्रतिनिधि/संचालक को बैठक से बाहर किया जा सकेगा। बैठक में उपस्थित फर्म प्रतिनिधि/संचालक फोन बंद रखेंगे। किसी व्यक्ति को बैठक में सम्मिलित करने अथवा नहीं करने का अंतिम निर्णय क्रय समिति का होगा।

**19-** चतुर्थ दीक्षांत समारोह हेतु लगभग 90 पदक निर्मित कराया जाना प्रस्तावित है किंतु आवश्यकतानुसार पदक संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकेगी। पदक का नमूना विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग से कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है। पदक निर्माण का कार्यादेश पृथक– पृथक या एकमुश्त जारी किया जा सकेगा।

**20-** किसी भी नियम –शर्त/वाक्य/शब्द को कभी भी और किसी भी स्तर में शिथिल/संशोधित/विलोपित करने या उस पर निर्णय लेने का सम्पूर्ण अधिकार माननीय कुलपति, शहीद महेद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर का होगा, जो कि निविदा प्रस्तुतकर्ता/ईच्छुक समस्त फर्मो को मान्य होगा। माननीय कुलपति महोदय का निर्णय न्यायालयीन परिधि से बाहर होगा।

**21-** न्यायालयीन प्रक्रिया बस्तर जिला न्यायालय, जगदलपुर के क्षेत्रांतर्गत ही किया जायेगा।

मैं .............................................................द्वारा फर्म ............................................................................ के लिए इस निविदा के समस्त नियम, शर्तें, कंडिका 01 से 21 तक के अक्षरक्षः पालन करने बाबत् पूर्णतः सहमति तथा स्वीकृति देता/देती हूँ। मुझे, मेरे फर्म की ओर से समस्त कंडिकाऐं पूरी तरह से मान्य है।

**(नाम, हस्ताक्षर, दिनांक, स्थान, मोहर)**

..........................................

..........................................

..........................................



Scanned with OKEN Scanner

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत, पिनकोड 494001
Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001
Telephone 07782-229037, Fax 07782-229037 Website: www.smkvbastar.ac.in


**निविदा सूचना क्रमांक 541, दिनांक :– 29.12.2023**

**//घोषणा पत्र//**

(कृपया घोषणा पत्र को पूर्णतः पढ़कर, समझने के बाद मोहर लगाते हुये निविदाकर्ता हस्ताक्षर करें, घोषणा पत्र निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य है। घोषणा पत्र के अभाव में निविदा अमान्य की जा सकती है)

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे फर्म/संस्था के लिए विश्वविद्यालय के समस्त नियम, शर्तें, कंडिकाओं को मैने पूर्ण रूप से पढ़कर, पूरी तरह से समझ लिया है। हमें विश्वविद्यालय की समस्त नियम, शर्तें, कंडिकायें मान्य है एवं यह हमारे फर्म/संस्था के लिए बंधनकारी है। हमने विश्वविद्यालय के मांग अनुसार समस्त वांछित एवं वैद्य प्रपत्र, दस्तावेजों की प्रमाणित/हस्ताक्षरित छायाप्रति एवं मूल डिमांड ड्राफ्ट संलग्न कर दिया है। निविदा में फर्म द्वारा प्रस्तुत कोई भी जानकारी अस्पष्ट, अपुष्ट, भ्रामक एवं असत्य नहीं है। फर्म द्वारा प्रस्तुत दर में किसी प्रकार की गलती तथा कांट–छांट नहीं किया गया है।

मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि हमारी फर्म या संस्था किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था अथवा शासकीय निधि से पोषित संस्था में काली सूची में नामदर्ज नहीं है तथा किसी प्रकार का व्यावसायिक विवाद नहीं है।

मुझे और मेरे फर्म के लिए शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर की समस्त लिखित एवं मौखिक नियम, शर्तें, निर्देश तथा कंडिकायें अक्षरशः पूर्णतः मान्य है और बंधनकारी है।

दिनांक / /

निविदाकर्ता का नाम ....................................

हस्ताक्षर ....................................

मोहर ....................................

स्थान ....................................




Scanned with OKEN Scanner

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत, पिनकोड 494001
Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001
Telephone 07782-229037, Fax 07782-229037 Website: www.smkvbastar.ac.in


निविदा सूचना क्रमांक 541, दिनांक 29.12.2023

## दीक्षांत समारोह हेतु स्वर्ण पदक निर्माण
## दर अनुसूची (Financial Bid)

| क्र. | कार्य / सामग्री का विवरण | प्रति पदक का मूल्य / दर (समस्त कर / व्यय सहित) | |
|---|---|---|---|
| | | (अंकों में) | (शब्दों में) |
| 1. | 20 ग्राम चांदी के पदक का व्यास 1.25 इंच होगा, जिसमें हुक लगा होगा।<br>प्रत्येक पदक पर 00.250 मिलीग्राम स्वर्ण मंडित (गोल्ड प्लेटिंग) होगा।<br>पदक के एक ओर विश्वविद्यालय का नाम एवं मोनोग्राम तथा दूसरी ओर पदकदाता का नाम, छात्र / छात्रा का नाम, विषय, प्रावीण्य स्थान, महाविद्यालय का नाम एवं वर्ष की खुदाई सुलेख अक्षरों में होगी। | .............................. | .................................... |

निविदाकर्ता का नाम ....................................

हस्ताक्षर ....................................................

मोहर .........................................................

दिनांक .......................................................

स्थान .........................................................




Scanned with OKEN Scanner